<u>विश्वविद्यालय में मंत्री सुबोध उनियाल की शिष्टाचार भेंट, विकास कार्यों पर हुई चर्चा</u>

पंतनगर। 24 फरवरी 2026। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में श्री सुबोध उनियाल, माननीय वन, भाषा, निर्वाचन और तकनीकी शिक्षा मंत्री जी, उत्तराखंड सरकार की विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट हुई। विश्वविद्यालय की प्रगति, औद्यानिकी एवं इंजीनियरिंग तकनीकी क्षेत्रों की पहलों पर सार्थक चर्चा हुई। माननीय मंत्री जी ने विश्वविद्यालय में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए शासन स्तर पर सहयोग का आश्वासन दिया। कुलपति ने विश्वविद्यालय परिवार की ओर से माननीय मंत्री जी को विश्वविद्यालय आगमन के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया।